# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 107 इंदौर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


## महापौर पुष्यमित्र भार्गव मास्को में करेंगे भारत गणराज्य का प्रतिनिधित्व

अनिल चौधरी



महापौर देश का नेतृत्व एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेंगे

भारत गणराज्य के निवेश आकर्षण और इसकी आर्थिक क्षमता विषय पर देंगे उद्बोधन एम आई सी बैठक में सदस्यों अधिकारियों द्वारा महापौर को यात्रा के पूर्व पुष्प गुच्छ दे कर शुभकामनाएं प्रेषित की इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को रूस ने "भारत गणराज्य के निवेश आकर्षण और इसकी आर्थिक क्षमता" के बारे में भाषण देने के लिए भारत गणराज्य की ओर से आमंत्रित किया है, महापौर पुष्यमित्र भार्गव 20 अप्रैल, 2025 रूस के मॉस्को शहर पहुंचकर कार्यक्रम में उपस्थित रहंगे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश पर वार्षिक ऑल-रूसी म्यूनिसिपल फोरम आयोजित की जा रही है 21-23 अप्रैल, 2025 को मॉस्को में राष्ट्रीय केंद्र (रूस मॉस्को)में आयोजित किया जाएगा।फोरम के ढांचे के भीतर पैनल और रणनीतिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ स्थानीय स्वशासन के विकास पर चर्चा करेंगे।

## रेलवे स्टेशन इंदौर पर असंरक्षित बालिका की तत्परता से सहायता कर मानवता का परिचय दिया गया

### महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध जीआरपी इंदौर की सतर्क महिला आरक्षकों ने एक बार फिर अपनी कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट परिचय दिया है

अनिल चौधरी

दिनांक 17.04.2025 को रात्रि ड्यूटी के दौरान समय प्लेटफॉर्म क्रमांक 2/3 पर तैनात महिला प्रधान आरक्षक 229 हीरू रावत एवं महिला आरक्षक दीपिका सोलंकी द्वारा एक नाबालिग बालिका को अकेले बैठे हुए देखा गया। तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दोनों महिला आरक्षकों ने बालिका से स्नेहपूर्वक पूछताछ की। पूछताछ पर बालिका ने अपना नाम गुड़िया कुमारी (परिवर्तित नाम), उम्र 17 वर्ष, निवासी झारखंड बताया। जब इंदौर आने का कारण पूछा गया, तो बालिका ने बताया कि वह इंदौर में अपनी सहेलियों के साथ एक रूम पर रहती है और कुछ पारिवारिक कारणों से बिना बताए रेलवे स्टेशन आ गई थी। बालिका को असुरक्षित स्थिति में देखकर उसे तुरंत जीआरपी थाना इंदौर लाया गया। थाने में बालिका से संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की गई।

पहले तो वह गुमराह करती रही, लेकिन विश्वास में लेने के पश्चात उसने अपने पिताजी का संपर्क नंबर साझा किया। तत्काल उसके पिता से संपर्क कर बालिका की स्थिति से अवगत कराया गया। परिजनों के आने में समय लगने की स्थिति में बालिका का चिकित्सकीय परीक्षण कराया




गया और उसे जीवन ज्योति संस्था में सुरक्षित रूप से रखा गया, जिससे उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। महिला आरक्षकों द्वारा दिखाई गई सतर्कता, मानवीय संवेदना एवं कर्तव्यनिष्ठा निश्चित ही सराहना के योग्य है। रेलवे पुलिस बल हमेशा यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है और इस घटना में हमारे अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

## मास्टर प्लान की सड़कों के बारे में बैठक संपन्न



इंदौर शहर के यातायात को सुनियोजित करने के उद्देश्य से मास्टर प्लान में प्रस्तावित नवीन सड़कों के निर्माण की समीक्षा बैठक का आयोजन आज प्राधिकरण कार्यालय में हुआ।

सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मास्टर प्लान की सड़को के माध्यम से शहर की कनेक्टिविटी तथा नगर विकास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित किए जाने वाले सड़क मार्गों की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर. पी. अहिरवार ने बताया की नवीन मास्टर प्लान के माध्यम से शहर में लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 100 किलोमीटर सड़क मार्ग के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के के मध्य सार्थक चर्चा हुई, जिससे भविष्य में इंदौर शहर को सुव्यवस्थित यातायात प्राप्त होगा। प्राधिकरण कार्यालय में हुई इस बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इंदौर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बेंजेल एवं संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश इंदौर शुभाशीष बैनर्जी सहित प्राधिकरण के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदौर पुलिस के साइबर जागरूकता के महाअभियान ने छुआ एक और शिखर

**एडिशनल डीसीपी श्री राजेश दंडोतिया ने Delhi Public School में पहुँच, लगाई साइबर अवेयरनेस की 600 वीं कार्यशाला।**

**Delhi Public school के स्टूडेंट्स ने इंदौर पुलिस की पाठशाला में साइबर फ्रॉड से बचने का लिया ये ज्ञान....।**

**ऑनलाइन खेल रहे हो गेम या कर रहे हो पढ़ाई..., हमेशा ध्यान रखो, सतर्कता व सावधानी बरतने की सिखलाई।**






**इंदौर- वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ कैंपस इंदौर में पहुंचकर सायबर सिक्युरिटी एवं अवेयरनेस के तहत 600 वी कार्यशाला लगाकर वहां उपस्थित करीब 500 स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया। उन्होंने सभी से कहा कि हम लोग आजकल ज्यादा से ज्यादा काम डिजिटल रूप में ऑनलाइन कर रहे हैं। आप लोग पढ़ाई के साथ ही ऑनलाइन गेम भी खेल रहे हो पर इस दौरान सावधानी को ध्यान नहीं रखते और अपराधियों के लुभावने वाले ऑफर की बातों में आ जाते हो। इसलिए हमेशा ध्यान रखें किसी भी अनजान व्यक्ति या ऐप्प, वेबसाइट पर विश्वास न करें, और कुछ भी गलत लगे तो अपने बड़ों या पुलिस को बताएं। अतः सायबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन, फाइनेंशियल कार्य, पढ़ाई करें, और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें। इस दौरान पुलिस टीम ने सभी को साइबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागरूकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# मां अहिल्या की पावन भूमि पर कुछ परिवार जो तेजाजी नगर पर झोपडी बना कर अपना जीवन गुजार रहे थे

इंदौर। कुछ दिन पूर्व उनकी झोपड़ियों में देर रात्रि अचानक ही आग लग गई जिसकी वजह से उनकी 6 झोपड़ियां जल कर खाक हो गई इस घटना में एक 35 वर्षीय युवा भी गंभीर रूप से घायल हुए, ना ही इन गरीब परिवारों तक पक्ष पहुंचा ना ही विपक्ष ओर ना ही शासन, प्रशासन, यह सभी परिवार आज सड़क पर रहने को मजबूर है। कई दिनों से भोजन तक उन परिवारों को नहीं पहुंचा है, ना ही सोने की कोई व्यवस्थाएं ना भी भोजन बनाने आदि की अब यह परिवार जाए तो जाए कहा..? हमारा प्रयास है इन परिवारों के रहने की आवश्यकता जल्द से जल्द करवा सके उनकी झोपड़ी का निर्माण ओर उनके



बर्तन, कपड़े आदि की व्यवस्थाएं जल्द से जल्द करवा सके।



आप सभी का सहयोग इन परिवारों को मिले ऐसी प्राथना व निवेदन है।
मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ

# म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक

इंदौर प्रेस क्लब में संघ के प्रांताध्यक्ष श्री महेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं पूर्व में किए गए आंदोलनों की समीक्षा कर आगामी रणनीति तय करना रहा। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और समाधान हेतु ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। प्रांताध्यक्ष श्री महेंद्र शर्मा एवं जिला अध्यक्ष श्री भीम सिंह कुशवाह द्वारा संगठन के विस्तार एवं प्रभावी संचालन हेतु नए दायित्वों की घोषणा की गई। इसी क्रम में श्री दीपक ठाकुर को लोक निर्माण विभाग, इंदौर का विभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ ने आशा व्यक्त की कि नए दायित्वधारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।





# महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी जी को भेंट की "दंड से न्याय तक"

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। इंदौर में एक महत्वपूर्ण साहित्यिक भेंट हुई, जहाँ जानी -मानी शख्सियत प्रवीण कक्कड़ ने परम श्रद्धेय महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के पावन सान्निध्य में पहुँचकर अपनी कृति, "दंड से न्याय तक" सादर समर्पित की। यह भेंट एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जहाँ श्री कक्कड़ ने स्वामी जी को अपनी पुस्तक के मुख्य विचारों और प्रेरणा के स्रोतों से अवगत कराया। स्वामी जी ने पुस्तक में व्यक्त किए गए विषयों में गहरी रुचि दिखाई और श्री कक्कड़ के इस साहित्यिक प्रयास की सराहना की।



# संदीप जैन ( मोयरा सरिया) गोम्मटगिरी तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी मनोनीत हुए

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। भगवान बाहुबली दिगम्बर जैन ट्रष्ट गोम्मटगिरी इंदौर में अखिल भारतीय खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इंदौर मेन के सम्माननीय सदस्य , संदीप - सुनिता जैन (मोयरा सरिया )को स्थायी ट्रस्टी पद पर नियुक्त किया गया है, । आपके मनोनीत होने पर दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कांसल हंसमुख गांधी टीके वेद सुशील पांड्या नरेंद्र वेद मयंक जैन संजय कासलीवाल एवं फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पाकासलीवाल, मुक्ता जैन आदि समाज जन ने बंधाई ओर शुभकामनाएं दी।



## अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र इंदौर

# वनवासियों को गले लगाने का संदेश ही सही मायने में राम राज्य की बुनियाद है – प.पू. उत्तम स्वामी

**नवलखा अग्रवाल संगठन द्वारा आनंद नगर में चल रहे रामकथा महोत्सव में धूमधाम से मना सीता स्वयंवर-महिलाओं ने संभाली कमान**

**रंजीत टाइम्स**



इंदौर । राम कथा रूपी नौका में बैठने वाला संसार रूपी भवसागर को आनंद के साथ पार कर लेता है। जिस किसी ने श्रद्धा, विश्वास और प्रेम के साथ राम कथा का श्रवण किया, उसकी जीवन यात्रा हर दृष्टि से सार्थक और सफल रही है। भगवान का अवतरण दुष्टों और असुरों के नाश के लिए ही होता है। भगवान ने वनवास काल में जंगल के आदिवासियों और जीवों का सहयोग लेकर बड़े-बड़े असुरों का उद्धार किया। राम राज्य की स्थापना की नींव वनवास में ही रखी गई। वनवासियों को गले लगाने का संदेश ही सही मायने में राम राज्य की बुनियाद है

ये प्रेरक विचार हैं प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी महाराज के, जो उन्होंने गुरुवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान सीता स्वयंवर और उसके पूर्व वनवास गमन प्रसंगों के दौरान व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व पत्रकार राजेश चेलावत, समाजसेवी गणेश गोयल, अरविंद बागड़ी, संजय बांकड़ा, के.के. गोयल, शिव जिंदल, संजय मंगल, धनंजय शाह, विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेन्द्र परमार, राहुल गोयल, कमलेश खंडेलवाल, रितेश बारदान, सुरेश रामपीपल्या, राजीव बांकड़ा, अमन सिंघल, मुकेश अग्रवाल, सुनील बड़गोंदा, बालमुकुंद अग्रवाल, मनोज योगी, अरुण बागड़ी, आशीष अग्रवाल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। आज कथा पांडाल की सभी व्यवस्थाएं मातृशक्ति के हाथों में रही और अगवानी, मंच एवं आरती से लेकर प्रसाद वितरण तक की व्यवस्थाएं मनीषा बंसल, पूजा गोयल, श्रद्धा अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल शिवमोती, सुरभि गर्ग, रुचि अग्रवाल, सीमा बंसल, शीतल सिंघल, इंदिरा बद्रुका एवं पूजा बंसल शुभसिटी, संगीता बागड़ी ने संभाली। यजमान समूह के दुर्गेश गर्ग, रामप्रकाश गुप्ता, प्रमुख संयोजक संदीप गोयल आटो, पार्षद मृदुल अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता प्रतिदिन सेवाएं दे रहें हैं। कथा का यह प्रवाह 21 अप्रैल तक प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक चलेगा। महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी ने कहा कि दुख में सुख का अहसास कराती है राम कथा। हमारे हृदय में बैठे परमात्मा रूपी अरुण ज्योति को जागृत बनाती है राम कथा। हृदय जब पवित्र हो जाता है, तब इस ज्योति का प्राकट्य स्वतः हो जाता है। हमारे चित्त की वृत्तियों को हम जिस दिन राम कथा से जोड़ देंगे, उस दिन हमारे मन में भी राम राज्य स्थापित हो जाएगा। हरिद्वार में बहने वाली गंगा की तरह राम कथा रूपी गंगा भी तन-मन को पवित्र बनाती है। करोड़ों पाप का बोझ लादे हुए व्यक्ति को भी राम कथा अपनी मंजिल तक पहुंचाती है। धार्मिक कार्यों में बाधक बनने वाला व्यक्ति महापापी कहलाता है। संसार का आनंद क्षणिक होता है, लेकिन अध्यात्म और परमात्मा से जुड़ा आनंद कभी नष्ट नहीं होता। भगवान का अवतार दुष्टों, राक्षसी प्रवृत्तियों और असुरों के नाश के लिए ही होता है। उनका नाश भी उनके कल्याण का कारण बन जाता है, यही दैवीय शक्ति है। भगवान ने वनवासकाल में आदिमानवों और जीवों को साथ लेकर उस समय के राक्षसी प्रवृत्तियों का मुकाबला किया। वनवासियों को गले लगाने का संदेश ही सही मायने में राम राज्य की बुनियाद है।

# जिले के दो मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी डॉ मंडल अधर मे

राणापुर। विकास खंड राणापुर के ग्राम चुई में विगत 3 माह से एक चिकित्सक उत्पल मंडल ब्रेन हेमरेज के रोग से जूझ रहा हे। पत्नी,पुत्र ओर पुत्री सेवा में लगे हुए हे जिससे उनकी सारी संपत्ति खर्च हो चुकी हे। सी बी लाइव के जरिए जब सोशल मीडिया पर पांच सात दिन पहले जानकारी वायरल हुई।तो कुछ मंत्री नेता पहुंचे, बात जिला कलेक्टर तक भी पहुंची लेकिन हताशा उत्पन्न करने वाली बात यह हे कि झाबुआ लोक सभा में तीन तीन कैबिनेट मंत्री होने के बाद भी डॉ मंडल ओर परिवार अधर में लटका हुआ हे। यह आश्वासन दिया गया था कि हम किसी भी कीमत पर मंडल परिवार को उनके पैतृक स्थल कलकत्ता तक पहुंचाएंगे। आज तड़के छत्तीसगढ़ से वापस लौटने पर झाबुआ विधायक ऐव आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया जिला अध्यक्ष प्रकाश रांका के साथ चुई ग्राम पहुंचकर रोगी ओर परिवार से मिले और सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ हे।विधायक ने 25 हजार रुपए भी प्रदान किए। विधायक डॉ विक्रांत ने मुख्य मंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री जो इन ग्रामीणों के वोट से ही विजय प्राप्त करते हे वे आश्वासन के 5 दिन बाद भी वह आश्वासन पूरा नहीं किया जिससे डाक्टर मंडल की पत्नी सदमे में हे तथा उनके पुत्र पुत्री जो पढ़ाई छोड़कर अपने पिता की सेवा में लगे हुए हे उनका पढ़ाई का वर्ष खराब होता जा रहा हे। विधायक ने मुख्य मंत्री महोदय से इस ओर कदम उठाने की पेशकश की हे। डॉ विक्रांत भूरिया और प्रकाश रांका के साथ आदिवासी युवा नेता रकसिंह भाबर,चुई के पूर्व सरपंच कसना भाई,विजय शाह ओर जिला मंत्री सुरेश समीर उपस्थित थे।

# जेएसजी सेंट्रल द्वारा किया जा रहा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रंजीत टाइम्स**

जावरा। जेएसजी सेंट्रल सदैव मानवसेवा के लिए ततपर रहती है और कार्य करती रहती है इसी को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 20 अप्रैल 2025 रविवार को सुबह 10 से 2 बजे तक लालागली में जेएसजी सेंट्रल के सौजन्य से स्वर्गीय मदनलालजी नाहर स्वर्गीय श्रीमती संगीता जी नाहर की स्मृति में शेखरजी नाहर परिवार द्वारा किरण डेंटल एस्थेटिक एंड हेल्थ सेंटर के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे नगर के सुप्रसिद्ध स्पेशलिस्ट युवा चिकित्सक डॉक्टर सुमित ललवानी एवम डॉक्टर कृतिका ललवानी निशुल्क दंत रोग,त्वचा रोग,बच्चो का जनरल हेल्थ चेकअप करेंगे। अध्यक्ष संजय सुराणा सचिव अमित चत्तर कोषाध्यक्ष आदर्श दख एवम स्वास्थ्य समिति सयोंजक अतुल ललवानी ने अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ प्राप्त करने का निवेदन किया है।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश हिंगड़ ने प्रदान की।

# बीआरटीएस की तरह इंदौर में अंडर ग्राउंड मेट्रो नासूर न बन जाये

## दिल्ली,मुंबई,बेंगलुरु,भोपाल में सघन आबादी वाले मध्य पुराने शहर में मेट्रो का प्लान नहीं

### इंदौर में ऐसा प्रयोग शहर के लिए आत्मघाती

**रंजीत टाइम्स**





राकेशसिंह यादव

इंदौर। "बीआरटीएस की तरह इंदौर में अंडर ग्राउंड मेट्रो नासूर ना बन जाये" "दिल्ली,मुंबई,भोपाल भोपाल,बेंगलुरु में सघन आबादी वाले ओल्ड शहरी क्षेत्रों में मेट्रो ट्रेक प्लान नहीं किया" इंदौर,बीआरटीएस की तर्ज पर अंडर ग्राउंड मेट्रो शहर के लिए नासूर बनकर ना रह जाये। इंदौर प्रयोगशाला बना हुआ हैं।जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर निर्णय पिछले 25 सालों में होते रहें हैं। बीआरटीएस इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं।अब मेट्रो को लेकर सब अपने अपने हितों को देखकर निर्णय कर रहें हैं। जबकि इंदौर शहर के हितों की अनदेखी की जा रहीं हैं। म.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सुझाव दिया हैं की मेट्रो को लेकर इंदौर के हितों और सुविधाओं को दरकिनार करके कंसल्टेंट सिर्फ मेट्रो बजट को खपाने के लिए ऐसे निर्णय कर रहें हैं,जो इंदौर के लिए भविष्य में नासूर बन जायेगें। सर्वविदित हैं की इंदौर के मध्य सघन आबादी वाले क्षेत्र बंगाली चौराहे से बड़ा गणपति चौराहे के मध्य मेट्रो ट्रेन ट्रेक अंडरग्राउंड या ओपन पिलर ट्रेक बनाना अव्यवहारिक हैं।

इंदौर के मध्य क्षेत्र में ई रिक्शा से लेकर अनेक रेपिडो सेवाएँ एंव पब्लिक ट्रांसपोर्ट सस्ते में उपलब्ध हैं। ऐसी परिस्थितियों में मेट्रो की आवश्यकता ऐसे क्षेत्रों में नहीं हैं।करोड़ों का बजट लगाकर इंदौर शहर में मध्य क्षेत्र को तहस नहस करना बुद्धिमत्ता नहीं हैं। दिल्ली में मेट्रो का निर्माण पुरानी दिल्ली में नहीं किया गया हैं।भोपाल में मेट्रो का निर्माण पुरानी भोपाल में नहीं किया गया हैं। मुंबई एंव बेंगलुरु में मेट्रों का निर्माण सघन मध्य क्षेत्रों में नहीं किया गया हैं। किसी भी शहर की डीपीआर देखेंगे तो समझेंगे की शहर के सघन आबादी वाले क्षेत्रों इर्द-गिर्द मेट्रो ट्रेक की प्लानिंग की जाती हैं।लेकिन इंदौर के जनप्रतिनिधि इस व्यवस्था से अंजान हैं।इसलिए शहर हित में उचित निर्णय नहीं कर पा रहें हैं। जबकि होना यह चाहिए की बंगाली चौराहे से मेट्रो राजीव गांधी प्रतिमा चोराहे होते हुए चोइथराम राम हॉस्पिटल के सामने से काला घोड़ा चौराहे से गंगवाल बस स्टेंड होकर एयरपोर्ट तक पहुंचे। इससे इंदौर का एक सर्कल पूरा हो जाएगा।इन्हीं क्षेत्रों में मेट्रों की आवश्यकता और जनता की आवाजाही भी हैं।दूसरे चरण मे उज्जैन,देवास,पीथमपुर, राऊ तक मेट्रो को बढ़ाया जा सकता हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव के मुताबिक इंदौर शहर के मध्य में मेट्रो ट्रेन का विस्तार शहर को तबाह कर देगा।लगभग दस से पंद्रह साल तक इंदौर मेट्रो निर्माण तबाही का दर्द झेलेगा। इस तरह के अव्यवहारिक मेट्रो निर्माण का ना जनता को लाभ मिलेगा ना सरकार को लाभ मिलेगा। मेट्रो बजट का बंटाधार होने के साथ ही इंदौर की व्यापारिक राजधानी का भी बंटाधार हो जाएगा।सरकार को पुनर्विचार करके निर्णय करना चाहिए।

# शादी का झांसा देकर 22 वर्षीय युवती से अनैतिक कार्य करने वाले आरोपी को थाना नागदा पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेश से भेजा गया जेल कई सालो से दे रहा था युवती को शादी का झांसा

**रंजीत टाइम्स**



उज्जैन। उज्जैन पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधो की रोकथाम व आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल, नगर पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नागदा निरी.अमृतलाल गवरी व टीम द्वारा अपराध क्रमांक 153/2025 धारा 69 , 64(2)(m) बीएनएस मे आरोपी अभिषेक पिता महेश प्रजापत निवासी इंदिरा नगर कॉलोनी जूना नागदा उज्जैन को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की जहाँ से कार्यवाही करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां न्यायालय के आदेश से आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**

दिनांक 07 अप्रैल को फरियादिया द्वारा थाना नागदा पर रिपोर्ट की गई थी कि आरोपी अभिषेक पिता महेश प्रजापत निवासी इंदिरा नगर कॉलोनी जूना नागदा उज्जैन द्वारा पीडिता के साथ उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार अनैतिक कार्य किया । जिस सूचना पर से थाना नागदा पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 153/2025 धारा 69 , 64(2)(m) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान दिनांक 18 अप्रैल को आरोपी अभिषेक पिता महेश प्रजापत को विधिवत गिरफ्तार किया गया व आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी अभिषेक कई वर्षो से युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ अनैतिक कार्य कर रहा था। निरी. अमृतलाल गवरी, उनि. योगिता उपाध्याय,प्र.आर.250 गोविंद सिंह चौहान, आर 1676 बंटी, आर संदीप राठौर, मआर शालिनी, सैनिक नीलम तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है।

# कसरावद में एसडीएम ने ली पटवारियों एवं कृषि विभाग के अमले की बैठक



### नरवाई बचाओ खाद बनाओ अभियान चलाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश

कसरावद एसडीएम श्री सत्येन्द्र बैरवा ने क्षेत्र के सभी पटवारियों एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें खेतों में नरवाई जलाने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा संपूर्ण खरगोन जिले में पर्यावरण सुरक्षा एवं आम जन व जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए फसलों विशेषतः गेहूं, मक्का, चना आदि के अवशेष (नरवाई) खेतों में जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

इसका उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति की विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा। अतः सभी पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटना न होने दें और किसानों के बीच नरवाई बचाओ खाद बनाओ अभियान चलाकर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों से अवगत कराएं।

# एसडीएम थांदला ने समग्र ई केवायसी कैम्प का निरीक्षण किया

## संतोष जनक प्रगति नहीं होने पर सचिव और रोजगार सहायक का वेतन काटने के दिए निर्देश

**रंजीत टाइम्स**

थांदला । थांदला अनुभाग मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तरूण जैन के द्वारा थांदला जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों मे आयोजित समग्र ई केवायसी कैम्प का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत झारनी मे समग्र ई केवायसी की प्रगति मात्र 36 प्रतिशत होने एवं विगत 15 दिवस की मात्र 12 समग्र ई केवायसी की प्रगति एवं अपेक्षित प्रयास नहीं किये जाने के कारण असंतोष व्यक्त किया जाकर ग्राम पंचायत के प्रभारी सचिव श्री दिलीप डामोर का 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये गये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत झोसली के भ्रमण के दौरान समग्र ई केवायसी में प्रगति 15 दिवस मे मात्र 05 ई केवायसी की गई , प्रगति संतोष जनक नहीं होने एवं अपेक्षित प्रयास नहीं किये जाने के कारण



ग्राम पंचायत सचिव सोनिया डामोर का 15 दिवस का वेतन एवं ग्राम रोजगार सहायक श्री रतनसिंह डामोर का 07 दिवस का वेतन कटोत्रा करने के निर्देश दिये गये है। भ्रमण के दौरान जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेन्द्र बराडिया व पंचायत समन्वयक अधिकारी श्री कलसिंह डामोर उपस्थित रहे।

# सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा बैठक ली



**रंजीत टाइम्स**

झाबुआ । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा की अध्यक्षता में 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 3.30 बजे वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा बैठक सहायक आयुक्त कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व के 812 व्यक्तिगत दावों का निराकरण समयावधि के पूर्व किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सामुदायिक वन अधिकार जामदा का प्रकरण आगामी जिला वन अधिकार समिति के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। 21 अप्रैल 2025 तक झाबुआ 25, रामा 50, मेघनगर 28, थांदला 25 एवं पेटलावद 02 इत्यादि व्यक्तिगत नस्तियों का निराकरण का लक्ष्य रखा जाकर प्रत्येक सोमवार टी. एल. बैठक में पीपीटी के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत व्यक्तिगत दावों की समीक्षा की जावेगी। साथ ही वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधीक्षकों की प्रत्येक शुक्रवार को सायं 3.00 बजे समीक्षा एवं कार्य प्रगति की बैठक किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई । उक्त आयोजित बैठक में वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर से मार्गदर्शक / नोडल अधिकारी श्री दीपेश सोलंकी, श्री जय नारायण बैरागी एवं विकासखण्ड स्तर से 812 दावों का निराकरण किये जाने हेतु सौंपे गये दायित्व हेतु नियुक्त किये गये संबंधित अधीक्षक तथा शाखा प्रभारी सम्मिलित हुए ।

# कलेक्टर नेहा मीना को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024

## सिविल सेवा दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत

**रंजीत टाइम्स**

झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 से पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर नेहा मीना को कैटेगरी के अन्तर्गत अवार्ड दिया जाएगा। वर्ष 2024 का लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार देशभर से चयनित 16 सिविल सेवकों को दिया जाएगा। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक्सपर्ट कमेटी द्वारा 4 अप्रैल 2025 को सम्पन्न इंटरव्यू के उपरान्त कलेक्टर नेहा मीना को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया ।



# खमालिया मे नवीन आंगनवाडी भवन का विधायक प्रताप ग्रेवाल ने किया लोकार्पण

**रंजीत टाइम्स**

सरदारपुर I ग्राम पंचायत खमालिया मे 12.97 लाख की लागत से निर्मीत नवीन आंगनवाडी भवन का बुधवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल ने लोकार्पण किया। आंगनवाडी भवन जर्जर होने से स्थानीय जनप्रतिनिधीयो एवं ग्रामीणो द्वारा कई समय से नवीन आंगनवाडी भवन की मांग की जा रही थी जिसकी विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासो से स्वीकृती मिली थी और अब निर्माण पूर्ण होकर नवीन भवन का विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा लोकार्पण किया गया। विधायक ग्रेवाल का ग्राम खमालिया पहुचने पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो द्वारा साफा बांधकर एव साल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच गुलाबसिंह अजनार, उपसरपंच हेमसिंह बिलवाल, राजेश पण्डित, तुलसीराम कुमावत, विमल शर्मा, तुलसीराम मण्डलोई, राजाराम मारू, वासुदेव डामर, सहायक सचिव कमल भूरिया आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# 9 लोगों के विरुद्ध नरवाई जलाने को लेकर हुई कार्यवाही

**रंजीत टाइम्स**

पिपलौदा। कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देश एवं अपर कलेक्टर शालिनी श्रीवास्तव व अनुविभागीय अधिकारी जावरा के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर तहसीलदार देवेन्द्र दानगढ़ एवं नायब



तहसीलदार कालूखेड़ा द्वारा 9 व्यक्तियों के विरुद्ध नरवाई जलाने पर अर्थदण्ड की कार्वाई की गईं। तहसीलदार दानगढ़ ने बताया की भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत यह कृत्य दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है जिसको देखते हुए नरवाई जलाने को लेकर कार्यवाही की गई है जो निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान कालूखेड़ा के 04, खेड़ावदा के 03 व पिपलौदा के 02 किसानों पर कुल राशि 22 हजार पांच सौ रुपये का जुर्माना किया गया।

# अग्रसेन महासभा मांगलिक भवन संचालन समिति में आष्टावाले अध्यक्ष, नितिन एपेक्स मंत्री बने




**रंजीत टाइम्स**

इंदौर । श्री अग्रसेन महासभा के बायपास स्थित मांगलिक भवन की संचालन समिति के चुनाव में अरुण आष्टावाले चेयरमैन, नितिन अग्रवाल एपेक्स मंत्री एवं रामनिवास मित्तल कोषाध्यक्ष चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महासभा के अध्यक्ष कैलाश बंसल, उपाध्यक्ष राजेश जिंदल एवं मंत्री राजेश मित्तल सहित सभी पदाधिकारियों बधाई दी है।

# 8 खिलाड़ियों को प्रदान की खेल पोशाक (किट)

**रंजीत टाइम्स**




पिपलौदा। मंच, मैदान और कक्षा शिक्षा के तीनों आयामों की पूर्ति के लिए सरकार और विद्यालय विद्यार्थियों लगातार प्रोत्साहन देते हैं। इसी कड़ी में नगर के सीएम राइज स्कूल के संभाग से राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिभागी रहे 8 खिलाड़ियों को खेल पोशाक (किट) प्रदान की। गरिमामय कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुमार शर्मा ने वॉलीबॉल में शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली अंजा चंद्रवंशी, भूमिका परिहार, पूर्वी परमार, उज्जैन संभाग की ओर से प्रदेश में खेलने वाले वंशिका पाटीदार, विजय पांचाल, कृष्णा कटारा, जतिन मालवीय को शासन से प्राप्त किट प्रदान की। उपस्थित छात्रों को प्राचार्य ने कहा कि प्रतिभाओं को हर स्तर पर सम्मान और प्रोत्साहन मिलता है, इसलिए अपने अन्दर की प्रतिभा को पहचान कर उचित मौके पर प्रदर्शन आवश्यक होता है। सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर अपनी प्रतिभा को सामने लाना चाहिए। कार्यक्रम में विकासखंड खेल प्रभारी राहुल वर्मा, खेल शिक्षक विशाल परमार, अंशुल शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता के बाद पहली बार कोई विधायक पहुंचे सुविधाओं से वंचित ग्राम मांजनी,खुली घटिया निर्माण की पोल

**रंजीत टाइम्स**




खेतिया । खेतिया ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत पानसेमल की ग्राम पंचायत मलगांव का ग्राम है-मांजनी। ग्राम मंजनी क्षेत्र का एक ऐसा गांव जहां के नागरिक आज भी पीने के पानी, स्कूल आंगनबाड़ी , रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद पहली बार कोई विधायक ग्राम मांजनी पहुंचा। क्षेत्र के विधायक श्याम बर्डे कल ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास के दौरान अचानक ग्राम मांजनी पहुंचे, ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच देखा तो मन ही मन प्रसन्न दिखाई दिए ,विधायक बर्डे को टकटकी लगाए देखते रहे, विधायक को आए देख प्लास्टिक के पाल से बनी जगह पर खटिया लगाई विधायक को बैठाया ,विधायक ग्रामीणों से उनकी भाषा मे बातचीत करते रहे, ग्रामीणों के साथ ग्राम मांजनी घूम कर देखा तो पाया कि ना तो गांव में हैंडपंप है ना आंगनबाड़ी ना स्कूल,,,,

पानी की समस्या बहुत बड़ी दिखाई दी जहां ग्रामीण लगभग 2 किमी दूर से पानी लाते है,रोजगार के लिए कार्य बन्द पड़े है,जिससे ग्रामीण पलायन को मजबूर है, स्वतंत्रता के बाद पहली बार पहुंचे विधायक बर्डे को देखकर ग्रामीणों में उत्साह बना,ग्रमीणों को लिए सुविधा हो इसलिए विधायक श्याम बर्डे ने तत्काल जिला कलेक्टर सुश्री गुंजा सनोबर ,जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री व अन्य विभागों को फोन लगाकर फोन पर चर्चा कर तत्काल ग्राम मांजनी की मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के लिए कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 10 दिन के भीतर नलकूप खनन कर हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए ,जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी को जल संग्रहन हेतु तालाब बनाने व रोजगार मूलक कार्य शिघ्र प्रारम्भ करने हेतु कहा।जनपद पंचायत पानसेमल के कार्यपालन अधिकारी को माँजनी ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।



यह पहला अवसर था जब स्वतंत्रता के बाद कोई विधायक इस ग्राम पहुंचा ।खेतिया क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलगांव का यह गांव है माँजनी,पंचायत के गांव दूर-दूर बसे हैं जिसमें जालीयापानी भी एक हिस्सा है जहां सिंचाई विभाग मप्र द्वार बनाया बड़ा बांध है जिसमे गाद भरने से जल संग्रहन की क्षमता बहुत कम हो गयी है।ग्राम मांजनी के ग्रामीण विधायक की ओर एक टक देखते ही रहे जब विधायक में ग्रामीणों से बात कर उनके लिए मूलभूत सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन से बात की तो उनके चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई देने लगी ,इसी दौरान विधायक मांजनी को सड़क से जोड़ने के लिए बना रही देवगढ़ मांजनी सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे सड़क निर्माण में चल रही भारी अनियमितता को देखकर विधायक में तत्काल सड़क निर्माण के अधिकारियों को फोन लगाकर निर्माण स्थल पर उपस्थित होने के लिए कहा। वस्तु स्थिति यह है कि देवगढ़ से मंजनी को जोड़ने वाली सड़क पर मिट्टी की रेत से निर्माण कार्य चल रहा है ,पानी की तराई नही हो रही,स्तरहीन निर्माण सामग्री के उपयोग से हाथ लगाते ही निर्माण कार्य भरभराकर गिर रहा है,करोड़ो की लागत से हो रहे सड़क निर्माण मेंघटिया निर्माण सामग्री व स्तरहीन निर्माण के चलते विधायक बर्डे ने नाराजगी जताते हुए तत्काल अधिकारियों को बुलाया । ग्रामीण क्षेत्र का यह वह इलाका है जहां कोई जनप्रतिनिधि तो पहुंचता नहीं ऐसे में अधिकारी क्या पहुँचते होंगे??,इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी,ग्राम व ग्रामीणो के विकास की अपनी प्रतिबद्धता के चलते जब विधायक बर्डे पहुंचे तो ग्राम की वस्तु स्थिति व चल रहे घटिया निर्माण की पोल सामने आ गयी, ग्राम माँजनी पानसेमल विधानसभा क्षेत्र का सीमापवर्ती ग्राम है जिसकी सीमा बड़वानी विधानसभा क्षेत्र को लगती ।बड़वानी जिले का यह दूरस्त ग्राम मूलभूत सुविधाओं से वंचित जिसको लेकर विधायक बर्डे की पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक बर्डे का कहना है कि ग्रामीणों के लिए सुविधाएं मिले इसके लिए हमारा प्रयास निरंतर है, में ग्राम मांजनी पहुंचा देवगढ़ से मांजनी सड़क का निर्माण घटिया किस्म से किया जा रहा है जिसमें मिट्टी की रेत व बगैर कोई मापदंड के कार्य होता दिखाई दे रहा है जिसकी जानकारी व शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को की गई ग्रामीणों के लिए मिलने वाली सुविधाओं में कोई कसर नहीं रखी जाएगी,निर्माण कार्य का स्तर ठीक होना चाहिये,,स्तरहीन होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने से भी हम हिचकिचाएंगे नहीं। विधायक बर्डे के प्रवास के दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस जनपद प्रतिनिधि पंडित माली, विजय चौधरी,बालकृष्ण पाटिल, सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

# पंच-ज-अभियान के तहत जिला न्यायालय में पौधारोपण कर किया स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान- श्री आंनद कुमार तिवारी






**रंजीत टाइम्स**

शाजापुरम.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के मार्गदर्शन में पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित एवं कायाकल्प करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में स्थित न्यायालय वाटिका एवं जिला न्यायालय परिसर में ''पंच-ज अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''पंच-ज अभियान के अंतर्गत जन, जंगल, जल, जमीन एवं जानवर को सुरक्षित रखने के उदेश्य से अज 17 अप्रैल 2025 को सायं 5.00 बजे से जिला न्यायालय शाजापुर स्थापना के सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण के सहयोग से पौधारोपण कर, श्रमदान करवा कर अनूठी पहल की गई। जिला न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में पेशी पर उपस्थित होने वाले पक्षकार पेड़ों की छाव में विश्राम करते हैं। न्याय वाटिका को स्वच्छ बनाने तथा पक्षकारों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से कुडाकरकट, उबड-खाबड जमीन के पत्थर उठवाकर एवं साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ने स्वयं सर्वप्रथम हाथ में फावडा, तगारी लेकर साफ-सफाई की और सभी को बढ़चढ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला न्यायालय परिसर को स्वच्छ बनाने में कूडा-करकट निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री अंजनी नंदन जोशी, विशेष न्यायाधीश शाजापुर, श्री जितेन्द्र कुमार परासर, श्री दिलीप सिंह, श्री गिर्राज प्रसाद गर्ग, श्रीमती रंजिता राव सोलंकी, श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी, न्यायाधीश श्रीमती प्रेमलता गोयल, सुश्री अनुष्का शर्मा, श्री सतीश कुमार शुक्ला, श्री धीरज आर्य, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा सहित अन्य अभिभाषकगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के समस्त स्टाफ सहित लगभग 100-150 की संख्या में उपस्थित थे।

वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए इस श्रमदान अभियान में बढचढ कर भाग लेकर प्रत्येक श्रमदाता के द्वारा उत्साह के साथ अपने-अपने हाथ में सीक झाडू, गेती, फावडा, तगारी, लेकर न्यायालय वाटिका, न्यायालय परिसर, शाजापुर को अथक प्रयास से साफ-सफाई कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी के द्वारा श्रमदान किया। अंत में सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के द्वारा इस श्रमदान स्वच्छता अभियान का समापन कर वातावरण को स्वच्छ रखने एवं निरंतर साफ-सफाई रखने की अपील की तथा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया।

# 5.79 करोड शुद्ध लाभ अर्जित कर सहकारी बैंक ने लगाई लंबी छलांग

**गत वर्ष की तुलना में एक सौ तीस प्रतिषत की दर्ज की गयी वृद्धि**

खरगोन - वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन के द्वारा सभी सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्षन करते हुए रू. 5.79 करोड का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया। जो गतवर्ष 2023-24 की तुलना में एक सौ तीस प्रतिषत अधिक है। बैंक के द्वारा वित्तीय वर्ष में अनेक नवाचार किये गये, बैंक द्वारा ऋण महोत्सव एवं अमानत बचत पखवाडा का आयोजन, सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत बैंक से संबंद्ध संस्था भीकनगांव, खेतिया, पानसेमल में जन औषधि केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। बैंक द्वारा प्रदेश में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में प्रथम स्थान अर्जित कर खरगोन एवं बडवानी जिले गौरान्वित किया गया है इसी तरह बैंक से संबंद्ध संस्था घुघरियाखेडी के द्वारा एग्रीड्रोन का उत्कृष्ट संचालन कर अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा सम्मान प्राप्त किया गया है। बैंक द्वारा भव्य ग्राहक जागरूकता अभियान चलाकर बैंक की रीति नीति, बैंक की ऋण योजनाओं, एवं बैंक विभिन्न अमानत योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहूंचाया। ग्राहक जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले क जनप्रतिनिधि, सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल एवं श्री ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री राजकुमार मेव एवं श्री सचिन बिर्ला द्वारा सहभागिता कर बैंक ग्राहको एवं किसानों को बैंक की योजनाओं के बारे मार्गदर्शन दिया जाकर उनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया गया। जिसके परिणाम बहुत ही सुखद परिलक्षित हुये है। उक्त संबंध में बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा बताया गया कि बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा चहुमुखी प्रगति की गयी है। बैंक द्वारा गतवर्ष की तुलना में अंशपूंजी रू. 2.80 करोड, अमानत रू. 238.58 करोड, ऋण वितरण रू. 143.05 करोड, ऋण ग्रहण रू. 555.22 करोड, विनियोजन रू. 656.62 करोड, रू. कार्यशील पूंजी रू. 822.29 करोड, की वृद्धि की गयी है।

# GCCI की भोपाल बैठक सम्पन्न-जयपुर गौटेक को लेकर बनी रणनीति, गौ आधारित मॉडल को मिलेगा विस्तार

**रंजीत टाइम्स**

भोपाल। ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ-बेस्ड इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश की प्रादेशिक बैठक भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में सम्पन्न हुई। बैठक में गौटेक 2025 जयपुर के लिए प्रदेश से बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने, जिला-तहसील स्तर पर संगठन विस्तार और गौ आधारित मॉडल को बढ़ावा देने हेतु रणनीति तैयार की गई। बैठक के मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय मंत्री, जीसीसीआई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया ने कहा कि गौ आधारित उद्योग भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। जीसीसीआई द्वारा दिनांक 30-31 मई और 1-2 जून को जयपुर में आयोजित गौटेक 2025 सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि गौ क्रांति का महायज्ञ है। साथ ही आयोजन में वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं, उद्यमियों और गौसेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष, ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ-बेस्ड इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश श्री दिलीप धनराज गुप्ता ने कहा कि जीसीसीआई का उद्देश्य हर जिले और तहसील तक संगठन का विस्तार कर, प्रदेश के युवाओं और किसानों को गौ आधारित स्टार्टअप्स से जोड़ना है। हमारा लक्ष्य है — 'गांव-गौ-गौरव' को फिर से स्थापित करना। प्रदेश संरक्षक, ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ-बेस्ड इंडस्ट्रीज स्वामी श्री श्री 1008 श्री परम पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्णानन्द जी महाराज बगलामुखी शक्तिपीठ खाचरोद उज्जैन ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, यह आध्यात्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक समाधान है। हमें भारत की सनातन परंपरा को विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ना होगा। राष्ट्रीय गौसेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में गौ संवर्धन को जनआंदोलन बनाना है। गाँव-गाँव तक युवाओं को प्रशिक्षित कर, उन्हें गौ आधारित रोजगार से जोड़ने का कार्य तेज किया जाएगा। बैठक में डॉ. योगेन्द्र कुमार सक्सेना (वैज्ञानिक, सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड), जिन्होंने गो-काष्ठ आंदोलन की शुरुआत की, ने बताया कि इस प्रयास से अब तक 5.10 लाख क्विंटल लकड़ी और 3400 एकड़ वन क्षेत्र को बचाया जा सका है। गो-काष्ठ का उपयोग अब शवदाह, होलिका दहन, होटल तंदूर और औद्योगिक बॉयलरों में लकड़ी के विकल्प के रूप में हो रहा है। जीसीसीआई के मध्य प्रदेश मीडिया संयोजक श्री भागीरथ तिवारी ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि जीसीसीआई मध्य प्रदेश की बैठक में जो निर्णय लिए गए है वो इस प्रकार है- गौटेक 2025 – जयपुर में मध्यप्रदेश से अधिकतम सहभागिता का लक्ष्य, जिला और तहसील स्तर पर ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ-बेस्ड इंडस्ट्रीज इकाइयों का गठन, हर जिले में 5 मॉडल गौशालाओं का निर्माण, प्रत्येक संभाग में प्रादेशिक बैठक आयोजित करना, युवाओं को गौ संवर्धन व गौ आधारित उद्योगों से जोड़ना। मध्य प्रदेश शासन द्वारा गोशाला की अनुदान राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये करने पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पशुपालन मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे एवं कुलपति श्री नरेंद्र थापक ने बैठक में पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया का पौधा भेंट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रादेशिक बैठक में मुख्य रूप से श्री जवाहरलाल गुप्ता, शैलेश पालीवाल (इंदौर), सुमनलता ताम्रकर, अजय नरेलिया (शाजापुर), गंभीर सिंह राजपूत (नर्मदापुरम), राजेश चौहान (झाबुआ), राम रघुवंशी (अशोकनगर), राजवीर सिंह (मुरैना), मनोज प्रताप सिंह (सतना), ईश्वर अंबोदिया (उज्जैन), भगवान सिंह सिंगोरिया (रायसेन), शिशिर विश्वकर्मा (छिंदवाड़ा), भागीरथ तिवारी (नरसिंहपुर), ए. सी. द्विवेदी



(भोपाल), हुकुम सिंह पाटीदार (नीलबड़), दीपाली उपाध्याय, अजय सोनी (भोपाल) सहित प्रदेश भर से गौसेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का संचालन शैलेंद्र तेनगरिया ने किया और आभार पवन दुबे ने व्यक्त किया।

# अहिंसा,शाकाहार,पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्द्धन हेतु माइक्रो मिट्टी मैराथन 2025 का आयोजन 20 अप्रैल को

**रंजीत टाइम्स**

इन्दौर । अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन एवं कार्याध्यक्ष सी ए नरेंद्र भंडारी ने सांध्य दैनिक 6पीएम उद्योग समूह के प्रबंध संचालक श्री संजय लुणावत को अहिंसा शाकाहार एवं पर्यावरण संरक्षण मैराथन 2025 की जानकारी प्रदान कर मैराथन में आमंत्रित किया। इस प्रसंग पर संजय लुणावत ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जन मानस में जागृति आती है और हम हमारे दायित्वों के प्रति सजग भी रहते है।

यह सिर्फ दौड़ नहीं बल्कि देश के भविष्य निर्माण की दिशा में सार्थक पहल भी है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन जो समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहते है और जन मानस की भावनाओं के अनुरूप कार्य करते है उन्हें शुभकामनाएं। में इंदौर शहर की जनता से निवेदन करता हु कि हम सब हमारे स्वास्थ्य के लिए इंदौर की प्रगति के लिए भाग ले। ये सब आयोजन निश्चित ही प्रेरणा दायक है। आयोजन से जुड़े वीरेंद जैन,पियूष जैन, राजेंद्र जैन प्रकाश भटेवरा,संजय नाहर,नरेंद्र संचेती,वीरेंद्र नाहर,किरण सिरोलिया, अरिहंत जैन,नरेंद्र भंडारी,रितेश कटकानी,अखिल चौधरी, रुचिल डोसी, भरत शाह,पंकज जैन,धवल जैन, विवेक जैन,प्रभात चोपड़ा,अभय बाफना आदि का अभिवादन करता हु। इस मैराथन में सहयोगी श्री मनोज धनोतिया माइक्रो मिट्टी के लिए शुभ भाव व्यक्त किए। जिन्होंने अहिंसा शाकाहार मैराथन का समर्थन कर जन मानस को इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित किया। अ.भा.जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन (रजि)इस तरह के आयोजन कर अपनी महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जिनेश्वर जी जैन के नेतृत्व में आयोजित माइक्रो मिट्टी शाकाहार अहिंसा मैराथन 2025 की सफलता के लिए शुभकामनाएं। मैराथन के संयोजक भरत शाह के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सी ए नरेंद्र भंडारी,राष्ट्रीय महासचिव अरिहंत जैन ने गुजराती होम्योपैथी कॉलेज के विद्यार्थियों से संपर्क किया और मैराथन में भाग लेनें की अपील की जिस पर अधिकांश ने मैराथन में भाग लेने का संकल्प लिया।



6 पी एम उद्योग समूह के प्रबंध संचालक श्री संजय लुणावत को आमंत्रित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन



गुजराती होम्योपैथी कॉलेज में मैराथन प्रमोशन करते हुए फेडरेशन टीम




जी एस आई टी एस कैंपस में मैराथन का प्रमोशन

# थाना बिरलाग्राम पुलिस टीम द्वारा न्यायालय परिसर से भागे सजायाब आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुलिस टीम द्वारा थाना बिरलाग्राम क्षेत्र के पारदी गेट के पास से किया आरोपी को गिरफ्तार थाना बिरलाग्राम व थाना उन्हेल पुलिस की सयुंक्त कार्यवाही**



**रंजीत टाइम्स**

नागदा । दिनांक 27 मार्च को माननीय न्यायालय नागदा, न्यायिक प्रथम श्रेणी नागदा द्वारा थाना उन्हैल के मारपीट के प्रकरण क्रमांक 4012017 में अभियुक्त विजय पिता रतनलाल बागरी निवासी ग्राम पिपलिया डाबी थाना उन्हैल को 1000 रुपये का अर्थदंड एवं न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया था। जो उपरोक्त आरोपी दोपहर में ही न्यायालय से फरार हो गया था। जो माननीय न्यायालय से सूचना प्राप्त होने पर थाना बिरलाग्राम पर अपराध क्रमांक 9312025 धारा 262 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही- उक्त प्रकरण की गंभिरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जिला उज्जैन के निर्देशन तथा मयूर खण्डैलवाल (भा.पु.से.) अति. पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) जिला उज्जैन एवं बृजेश श्रीवास्तव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय नागदा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिरलाग्राम उनि जितेन्द्र पाटीदार एंव थाना प्रभारी उन्हेल उनि. अशोक शर्मा द्वारा आरोपी की तलाश हेतु टीम गठीत कर पतारसी की गई। दिनांक 17 अप्रैल को थाना बिरलाग्राम टीम को मुखबिर सूचना मिली कि न्यायालय से भागा हुआ आरोपी विजय पारदी गेट होते हुए भीलसुड़ा जा रहा हैं। मुखबिर सूचना के आधार पर टीम द्वारा पारदी गेट पहुंचकर फरार आरोपी विजय पिता रतनलाल बागरी निवासी ग्राम पिपलिया डाबी थाना उन्हेल को गिरफ्तार किया गया हैं। उनि जितेन्द्र पाटीदार थाना प्रभारी बिरलाग्राम, उनि अशोक शर्मा थाना प्रभारी उन्हेल व टीम, उनि संजेय माथुर, प्र. आर गोपोल चांवला, आर हेमराज, आर चेतन की सराहनीय भूमिका रही

# कृषि विभाग की जिले के किसानों को सलाह खेतों में नरवाई न जलायें, बल्कि इससे जैविक खाद बनाएं

कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। उप संचालक कृषि श्री एसएस राजपूत ने किसानों को सलाह दी है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है, वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है और इससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 06 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

